भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

26.06.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 806 का उत्तर

## राजस्थान में नई रेल लाइनें

806\. श्री राहुल कस्वां:

श्री हनुमान बैनिवाल:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने राजस्थान में नई रेल लाइनें बिछाने के लिए कोई सर्वेक्षण किया है;

(ख) यदि हां, तो राजस्थान में बिछाए जाने के लिए प्रस्तावित नई रेल लाइनों का जोन और स्थान-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सीकर-नोखा, सरदारशहर-हनुमानगढ़, सूरतगढ़-सरदारशहर, तारानगर-राजगढ़ (सादुलपुर), आदमपुर-भादरा, सरदारशहर-गोगामेढ़ी, पीपाड़-मुंडवा वाया भोपालगढ़-सांखवास, जोधपुर-नागौर, मेड़ता-पुष्कर, सिरसा में नई रेल लाइनों का सर्वेक्षण कार्य कराया गया है;

(घ) यदि हां, तो उपर्युक्त रेल लाइनों की अनुमानित लागत का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार की चालू वित्त वर्ष के दौरान कोई नई रेल लाइन बिछाने की कोई योजना है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ङ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

mm

राजस्थान में नई रेल लाइनों के संबंध में दिनांक 26.06.2019 को लोक सभा में श्री राहुल कस्वां एवं श्री हनुमान बैनिवाल के अतारांकित प्रश्न सं. 806 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क): इस समय, राजस्थान राज्य में पूर्णत:/आंशिक रूप से पड़ने वाली 10 नई लाइन परियोजनाओं के लिए सर्वेक्षण शुरू कर दिया गया है। इनका ब्यौरा नीचे दिया गया है:

| क्र.सं. | परियोजना का नाम |
|---|---|
| 1 | झाँसी - सवाई माधोपुर वाया शिवपुरी, शिवपुरकलाँ (311 किलोमीटर) |
| 2 | नीम का थाना और सुजानगढ़ वाया सीकर, सालासर और उदयपुरवती (150 किलोमीटर) |
| 3 | बाड़मेर-पालनपुर (260 किलोमीटर) |
| 4 | बाड़मेर-दिल्ली वाया पाली, मारवाड़, लूणी (720 किलोमीटर) |
| 5 | बिलारा-बार (47 किलोमीटर) |
| 6 | मंडलगढ़-शाहपुरा-केकड़ी-टोडरायसिंह (130 किलोमीटर) |
| 7 | रामगंजमंडी-नीमच (111 किलोमीटर) |
| 8 | लूनी जंक्शन, समदड़ी, भिल्दी जंक्शन, पालनपुर, मारवाड़ और पोकरण जंक्शन पर बईपास लाइन का प्रावधान |
| 9 | निम्बाहेड़ा-कपासन वाया सांवलियाजी (58 किलोमीटर) |
| 10 | मंडलगढ़-शाहपुरा- केकड़ी-टोडरायसिंह (130 किलोमीटर) |

(ख): राजस्थान राज्य में आंशिक रूप से / पूर्ण रूप से पड़ने वाली नई लाइन की 11 परियोजनाएँ हैं जिन्हें बजट में शामिल किया गया है जो योजना / मंजूरी/ निष्पादन के चरणों में हैं। बजट प्रलेखों के साथ सदन के पटल पर रखी गई पिंक बुक में इन परियोजनाओं का क्षेत्रवार ब्यौरा उपलब्ध है।

(ग) और (घ): जी हां। निम्नलिखित नई लाइन परियोजनाओं के लिए सर्वेक्षण किए गए हैं.

| सर्वेक्षण का नाम | सर्वेक्षण का वर्ष | सर्वेक्षण के समय अनुमानित लागत ( रु. करोड़ में ) | प्रतिफल की दर (% में) |
|---|---|---|---|
| सीकर-नोखा | 2011-12 | 819 | (-) 7.43 |
| सरदारशहर-हनुमानगढ़ | 2011-12 | 404 | (-) 8.09 |
| सूरतगढ़-सरदार शहर | 2011-12 | 689 | (-) 7.77 |
| तारानगर-राजगढ़ (सादुलपुर) | 2017-18 | 697 | (-) 7.97 |

mm

| | | | |
|---|---|---|---|
| आदमपुर-भद्रा | 2018-19 | 267 | (-) 9.19 |
| सरदारशहर -गोगामेड़ी | कोई सर्वेक्षण नहीं हुआ | - | - |
| भोपालगढ़-सांखवा के रास्ते पीपाड़-मुंडवा | 2013-14 | 293 | (-) 9.46 |
| जोधपुर-नागौर | कोई सर्वेक्षण नहीं हुआ | - | - |
| मेड़ता-पुष्कर, सिरसा | 2010-11 | 323 | (-) 7.65 |

**(ङ): झालरापाटन-अकलेरा के 40 किलोमीटर लंबे खंड पर कार्य, जो रामगंजमंडी-भोपाल नई लाइन परियोजना का एक भाग है और राजस्थान राज्य में पूर्ण रूप से / आंशिक रूप से पड़ने वाले थाईयात-हमिरा-सानू से 58.50 किलोमीटर लंबे खंड को चालू वित्त वर्ष के दौरान पूरा करने की योजना है।**

****

mm